# म0प्र0 कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल

'चयन भवन' मुख्य मार्ग क्रं.1, चिनार पार्क(पूर्व), भोपाल (म.प्र.) – 462011
टेलीफोन नं.: (0755) 2578801-04 फैक्स नं.: 0755-2550498
वेबसाईट : www.esb.mp.gov.in


## पुलिस मुख्यालय, गृह (पुलिस) विभाग, मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत आरक्षक संवर्ग (कार्यपालिक) की सीधी भर्ती हेतु चयन परीक्षा (PCRT)–2023

## द्वितीय चरण केवल 87 प्रतिशत मुख्य भाग (14 प्रतिशत ओ.बी.सी. पदों के साथ) का अंतिम परीक्षा–परिणाम

| | | |
|---|---|---|
| ऑनलाईन परीक्षा तिथि | : | 12.08.2023 से<br>12.09.2023 तक |
| परीक्षा परिणाम तिथि<br>(प्रथम चरण) | : | 07 मार्च 2024 |
| परीक्षा परिणाम तिथि<br>(द्वितीय चरण) | : | 12 मार्च 2025 |

परीक्षा परिणाम से संबंधित जानकारी मण्डल की वेबसाईट www.esb.mp.gov.in पर उपलब्ध है।

# म0प्र0 कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल

## पुलिस मुख्यालय, गृह (पुलिस) विभाग, मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत आरक्षक संवर्ग (कार्यपालिक) की सीधी भर्ती हेतु चयन परीक्षा (PCRT)–2023 (द्वितीय चरण) का परीक्षा परिणाम

कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा पुलिस मुख्यालय, गृह (पुलिस) विभाग, मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत आरक्षक संवर्ग (कार्यपालिक) की सीधी भर्ती हेतु चयन परीक्षा (PCRT)–2023 (ऑनलाईन परीक्षा) का आयोजन दिनांक 12.08.2023 से 12.09.2023 तक म.प्र. के 12 शहरों (बालाघाट, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, खंडवा, नीमच, रतलाम, रीवा, सागर, सतना, एवं सीधी) में किया गया था। उक्त परीक्षा के प्रथम चरण का परिणाम दिनांक 07 मार्च 2024 को घोषित किया गया। इसके आधार पर पुलिस विभाग के स्तर से द्वितीय चरण की कार्यवाही उपरांत, केवल 87 प्रतिशत मुख्य भाग (14 प्रतिशत ओ.बी.सी. पदों के साथ) का अंतिम परीक्षा परिणाम तैयार किया गया है, जिसके प्रमुख बिन्दु निम्नानुसार है :–

1. लिखित परीक्षा परिणाम में द्वितीय चरण की परीक्षा के लिए पात्र हुए कुल 58730 अभ्यर्थियों का परिणाम पुलिस विभाग को उपलब्ध करवाया गया था, जिसके अनुसार पुलिस विभाग द्वारा द्वितीय चरण की कार्यवाही उपरांत इसके परिणाम से संबंधित जानकारी, अभिलेख व डाटा सीलबंद लिफाफे में मण्डल कार्यालय को उपलब्ध करवाया गया था।

2. लिखित परीक्षा परिणाम एवं द्वितीय चरण के परिणाम से संबंधित जानकारी/डाटा को एकजाई/अद्यतन पदतालिका अनुसार केवल 87 प्रतिशत मुख्य भाग (14 प्रतिशत ओ.बी.सी. पदों के साथ) का अंतिम परीक्षा परिणाम नियमपुस्तिका में उल्लेखित नियमों के प्रकाश में तैयार किया गया है।

3. पुलिस मुख्यालय, मध्यप्रदेश भोपाल से प्राप्त पत्र क्रंमाक पुमु/चयन/स–3/35/2025 दिनांक 03.02.2025 में उल्लेख है कि "प्रथम चरण की परीक्षा में अनारक्षित श्रेणी में कट–ऑफ अंक निर्धारित हुए थे। उनसे अधिक प्रथम चरण की लिखित परीक्षा में अंक पाने वाले ही आरक्षित श्रेणियों के अभ्यर्थी अनारक्षित श्रेणी में चयनित किये जा सकते हैं। इसमें परंतु यह भी देखना होगा कि:–

1. जीडी–जिला पुलिस बल
2. जीडी–विशेष सशस्त्र बल
3. रेडियो

उपरोक्त तीनों संवर्ग में ऐसे अभ्यर्थियों को उनकी उच्च प्राथमिकता का संवर्ग यदि अनारक्षित श्रेणी में नहीं मिल रहा है, लेकिन उनकी आरक्षित श्रेणी में वह संवर्ग उनको आंबटित हो सकता है तो ऐसे अभ्यर्थियों का चयन अनारक्षित श्रेणी के स्थान पर आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों के विरूद्ध किया जाये।" के अनुसार परीक्षा परिणाम तैयार किया गया है।

4. पुलिस मुख्यालय, मध्यप्रदेश भोपाल से प्राप्त पत्र क्रंमाक पुमु/चयन/स–3/66/2025 दिनांक 11.03.2025 में उल्लेखित तालिकानुसार "होमगार्ड में यदि अनारक्षित महिलाओं की संख्या 40 है, तो वे सभी चयनित हो जाएँगी। इसके बाद उनके लिए आरक्षित 59 पदों में से 19 रिक्तियां शेष रहेंगी, जिन्हें कि पुरूष होमगार्ड सैनिकों से भरा जायेगा और उनकी संख्या 121+19=140 हो जायेगी। उसके बाद चूँकि कुल महिलाओं के आरक्षित पद 396 है और उनमें 40 महिला होमगार्ड सैनिक चयनित हो गई हैं तो अब 396–40=356 ही महिला अभ्यर्थी चयनित होंगी और ये 40 पद Open में पुरूष अभ्यर्थियों से भरे जाएंगे और उनकी संख्या 504+40=544 हो जायेगी।" के अनुसार परीक्षा परिणाम तैयार किया गया है।

12/3/25

5. पुलिस मुख्यालय द्वारा समक्ष में मण्डल कार्यालय को प्राप्त निर्देश के परिपालन में तैयार किये गये अंतिम परीक्षा परिणाम में, नियमपुस्तिका के बिन्दु क्रंमाक 15 (iii) Page No.17 के अनुसार किसी भी श्रेणी (SC, ST, OBC, EWS, UR) के NIL/Open में किसी भी महिला को स्थान नहीं दिया गया है।

6. नियमपुस्तिका में दिए गए प्रावधान अनुसार समान प्राप्तांक वाले अभ्यर्थियों की पारस्परिक वरीयता का निर्धारण आयु में वरीष्ठता के आधार पर किया गया है।

7. नियमपुस्तिका में उल्लेखित प्रावधान अनुसार महिला, होमगार्ड स्वयंसेवी नगर सैनिक एवं भूतपूर्व सैनिक संवर्ग में आवश्यकतानुसार उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने के फलस्वरूप रिक्त रहे पदों को संबंधित श्रेणी के "बिना वर्ग/ओपन" में परिवर्तित किया गया।

8. लिखित परीक्षा परिणाम एवं अंतिम परीक्षा परिणाम में पदवार, श्रेणीवार व संवर्गवार कटऑफ अंकों की जानकारी, टॉप-10, कुंजी समिति की अनुशंसा, मेरिट, वेटिंग एवं परिणाम संक्षेपिका मण्डल की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

9. तद्नुसार तैयार किया गया परीक्षा परिणाम साफ्टकॉपी व हार्डकॉपी में पुलिस विभाग को उपलब्ध कराया जायेगा, जिसके आधार पर अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता व दस्तावेजों की पुनः जॉच /परीक्षण तथा पदस्थापना से संबंधित समस्त कार्यवाहियाँ पुलिस विभाग के स्तर से सुनिश्चित की जायेगी।

10. अंतिम परीक्षा परिणाम की जानकारी ई.एस.बी. की वेबसाईट www.esb .mp.gov.in पर उपलब्ध कराई जायेगी, जहॉ से अभ्यर्थी स्वयं का परीक्षा परिणाम डाउनलोड/मुद्रित कर सकेंगे।

11. परीक्षा परिणाम जारी होने के उपरांत यदि कोई तकनीकी त्रुटि संज्ञान में आती है, तो परिणाम में सुधार करने का अधिकार मण्डल के पास सुरक्षित रहेगा।

भोपाल,
दिनांक : 12 मार्च 2025

12/3/25

नियंत्रक
म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल
भोपाल